**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 22.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",भारत कनेक्ट संवाददाता, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## भारत कनेक्ट संवाददाता—दि0 22.09.2025

# अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टरों की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन

**भारत कनेक्ट संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टरों की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराना रहा। बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पवार तथा अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे` सचिव महोदय ने बैठक में अधिकारियों एवं ठेकेदारों से अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए` प्रस्तुत रिपोर्टों के अवलोकन उपरांत उन्होंने कार्य की गति में आई कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त की विशेषकर ड्राइंग कार्य में अपेक्षित तेजी न आने तथा रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई ` उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों को किसी भी दशा में विलंबित न किया जाए( सभी संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने, संसाधनों का कुशल प्रबंधन करने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का आदेश दिया गय। सचिव डॉ.वेद प्रकाश मिश्रा ने यह भी कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य लक्ष्य नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है जिसके लिए प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध और मानक अनुसार पूर्ण करना आवश्यक है` बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण स्तर पर समय-समय पर निरंतर निगरानी एवं समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी,ताकि कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे` सचिव डॉ.मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में प्रगति संतोषजनक नहीं रही तो संबंधित ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता ना करें ।

## न्यायाधीश—दि0 22.09.2025

### समूह आवास/किफायती आवास योजनाओं में स्वीकृत मानचित्र एवं फ्लैटों की प्रगति

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय योजनाओं के अंतर्गत समूह आवास एवं किफायती आवास योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत वर्षों में प्राप्त एवं स्वीकृत मानचित्र तथा फ्लैटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 19 मानचित्र एवं 2620 फ्लैट स्वीकृत हुए, जो प्राधिकरण की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितम्बर तक 04 मानचित्र एवं 361 फ्लैट स्वीकृत किए जा चुके हैं, जो इस वर्ष के अंत तक और अधिक वृद्धि की संभावना को दर्शाते हैं।इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा समूह आवास एवं किफायती आवास योजनाओं को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा मानचित्र और फ्लैटों की संख्या में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है।